Cambridge International A Level

**Cambridge Assessment International Education**
Cambridge International Advanced Level

**HINDI** **9687/04**

Paper 4 Texts **October/November 2017**

MARK SCHEME

Maximum Mark: 75

**Published**

This mark scheme is published as an aid to teachers and candidates, to indicate the requirements of the examination. It shows the basis on which Examiners were instructed to award marks. It does not indicate the details of the discussions that took place at an Examiners' meeting before marking began, which would have considered the acceptability of alternative answers.

Mark schemes should be read in conjunction with the question paper and the Principal Examiner Report for Teachers.

Cambridge International will not enter into discussions about these mark schemes.

Cambridge International is publishing the mark schemes for the October/November 2017 series for most Cambridge IGCSE®, Cambridge International A and AS Level components and some Cambridge O Level components.

® IGCSE is a registered trademark.



© UCLES 2017

Cambridge Assessment International Education



https://xtremepape.rs/

**Component 4: Texts**

Candidates must write their answers in Hindi. Examiners will look for a candidate's ability to communicate effectively and will ignore linguistic errors which do not impede communication.

**Passage-based questions**
Examiners should consider the extent to which candidates have been able to identify the significant issues raised in the passage and, where appropriate, have applied these to the text as a whole. The passage is a stimulus passage, to be used as a springboard to give candidates a starting point for their answer. Examiners should allow candidates to use the passage as they choose, and ask themselves how successfully the candidates have manipulated their material and to what extent they have shown depth of awareness and knowledge of the workings of the text under discussion. This is not an exercise in literary criticism: Examiners should reward candidates whose answers show good understanding of how a text works and how an author has conveyed the key issues.

**Essay questions**
A prime consideration is that candidates show detailed knowledge and understanding of the text.

**Extracts from Examiners' Notes**
This paper is intended to test candidates' knowledge of a text and their ability to use this knowledge to answer questions in a clear and focused manner. A sophisticated literary approach is not expected (though at the highest levels it is sometimes seen), but great value is placed on evidence of a firsthand response and thoughtful, personal evaluation of what candidates have read. Candidates may have been encouraged to depend closely on prepared notes and quotations: quotation for its own sake is not useful, though it will not be undervalued if used appropriately to illustrate a point in the answer.

Candidates do not tend to show all the qualities or faults described in any one mark-band. Examiners attempt to weigh all these up at every borderline, in order to see whether the work can be considered for the category above. At the lower levels, the answer may mention a few 'facts' but these may be so poorly understood, badly organised and irrelevant that it falls into category 10–11; or there may be just enough sense of understanding and focus for the examiner to consider the 12–13 band. Again, at a higher level, an answer may be clear, solid and conscientious (perhaps 18–19), without showing quite the control and attention to perceptively chosen detail which would justify 20 or more.

Examiners take a positive and flexible approach and, even when there are obvious flaws in an answer, reward evidence of knowledge and especially any signs of understanding and careful organisation.

© UCLES 2017

https://xtremepape.rs/

Candidates are expected to write 500–600 words for each of their answers. Candidates who write more than 600 words cannot be placed higher than the 16–17 category in the Mark scheme.

| Marks | Description |
|---|---|
| **22–25** | Exceptional work. Excellent ability to organise material, thorough knowledge, considerable sensitivity to language and to author's intentions, understanding of some literary techniques. Really articulate and intelligent answers should be considered in this band even if there are still flaws and omissions. |
| **20–21** | Very good. Close attention to detail of passages, controlled structure, perceptive use of illustration, good insight when discussing characters. Ability to look beyond the immediate material and to show some understanding of author's intentions and of underlying themes. |
| **18–19** | Thoroughly solid and relevant work. Candidate does not simply reproduce information: can discuss and evaluate material and come to clear conclusion. Good focus on passages. Some limitations of insight but coherent, detailed approach and aptly chosen illustrations. |
| **16–17** | Painstaking. Sound knowledge of texts; mainly relevant. Some attempt to analyse and compare, some sense of understanding. Possibly not in full control of material; solid but indiscriminate. Many very conscientious candidates fall into this category: they tend to write far too much as they are reluctant to leave out anything they have learnt. Focused, coherent essays which lack really solid detail but convey a good understanding of the text should also be considered for this band. |
| **14–15** | Fair relevance and knowledge. Better organised than work in the 12–13 band: the candidate probably understands the demands of the question without being able to develop a very thorough response. Still a fairly simple, black and white approach. Some narrative and 'learnt' material but better control and focus than work in the 12–13 band. Many candidates probably fall into this category. |
| **12–13** | Sound, if simple and superficial, knowledge of plot and characters. Makes assertions without being able to illustrate or develop points. Probably still too dependent on narrative and memorised oddments but there may be a visible attempt to relate these to the question. Can extract one or two relevant points from a set passage. |
| **10–11** | Some very basic material but not much sense of understanding or ability to answer the question. The candidate rarely reads the set passage but uses it as a springboard for storytelling and memorised bits and pieces about characters. Very general, unspecific approach. Random, bitty structure. Signs of organisation and relevance should be looked for in case the answer can be considered for a mark in the 12–13 band. |
| **6–9** | Marginally more knowledge here than in the 0–5 band. The candidate may have read the text but is probably unable to see beyond the barest bones of the plot or half-remembered notes. Insubstantial; very little relevance. The candidate may have problems with the language and will be unable to express ideas comprehensibly. |
| **0–5** | No discernible material. Often very inadequate language. Marks in this section are awarded almost on the basis of quantity: up to 3 for a sentence or two showing a glimpse of knowledge, 4 or 5 where there is also a hint of relevance to the question. It is possible for a candidate to write a whole page demonstrating no knowledge at all (have they read the book?), or only misunderstood background facts or very vague general remarks unrelated to either text or question. |



https://xtremepape.rs/

Indicative content:

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **<u>भाग 1</u>** | |
| 1 | **सूरसागर सार – सूरदास और श्रीरामचरितमानस - तुलसीदास** | |
| 1(a) | प्रस्तुत पद श्री रामचरितमानस के सुन्दरकाण्ड से उद्धृत हैं\| श्री रामचन्द्र वानरों की सेना सहित सागर तट पर पँहुच गये यह जानकर विभीषण ने अपने बड़े भाई रावण को सीता को वापस लौटाने की सलाह दी\| किंतु दम्भी रावण ने विभीषण की विनती को अनसुना कर उसे लात मार कर निकाल दिया\| रावण से प्रताड़ित और अपमानित होकर विभीषण स्वयं श्रीराम की शरण में पहुँच गये\| बानरों ने विभीषण को आते देख उसे शत्रु का दूत समझ कर उसे बंदी बनाना चाहा\| किंतु शरणागत वत्सल राम ने उसे अपनी शरण प्रदान कर उसे अपने हृदय से लगा लिया\| प्रस्तुत पद में विभीषण के श्रीराम के प्रति उद्‍गार एवं उनकी शरणागत वत्सलता की प्रशस्ति है\| राम के समक्ष विभीषण अपना मंतव्य व्यक्त करते हैं\| उनके अनुसार दुष्ट की संगति में रहने की अपेक्षा नरक में रहना अच्छा है\| जब तक मनुष्य शोक प्रदायक काम वासना का परित्याग कर श्रीराम को नही भजता तब तक उसकी कुशल नही है और सपने में भी उसे मानसिक शांति नही मिल सकती\| पद का भावार्थ देते हए उसके माध्यम से तुलसीदास की राम-भक्ति पर टिप्पणी अपेक्षित है\| विभीषण के कथन, "लोभ, मोह, मत्सर, मद और मान आदि अनेकों दुष्ट तभी तक हृदय में बसते हैं जब तक कि धनुष बाण और कमर में तरकस धारण किये हुए श्री रघुनाथ जी हृदय में नही बसते हैं\| राग-द्‍वेष रूपी उल्लुओं को सुख देने वाली ममतापूर्ण अंधेरी रात तभी तक जीव के मन में बसती है जब तक प्रभु का प्रताप रूपी सूर्य उदित नही होता\| हे कृपालु आप जिस पर अनुकूल होते हैं, उसे तीनों प्रकार के भवशूल (आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक) नहीं व्यापते हैं", द्‍वारा तुलसी की अनन्य रामभक्ति और राम की शरणागत वत्सलता के दर्शन होते हैं\| यदि शत्रु भी उनकी शरण में आये तो रघुनाथ उसे सम्पूर्ण उदारता से आश्रय देते हैं\| . | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | सूरदास सगुणोपासक भक्त कवि हैं\| श्रीकृष्ण के विरह में व्याकुल गोपियों को निर्गुण ब्रम्ह की उपासना का संदेश देने के लिए उद्धव को ब्रज में भेजने में कृष्ण का उद्देश्य निर्गुण साधना की दुर्गमता और सगुणोपासना की सहजता की प्रतिष्ठा करना हैं\| श्रीकृष्ण जानते हैं कि उद्धव निराकार ब्रम्ह के समर्थक हैं\| उनको प्रेममार्ग की अनन्य समर्थक गोपियों के पास भेजकर उनका हृदय- परिवर्तन करना ही उनका उद्देश्य है\| ब्रज आकर गोपियों को श्रीकृष्ण के विरह में व्याकुल देख कर उद्धव उन्हें निर्गुण ब्रम्ह की उपासना एवं समाधि लगाकर अंतर में ध्यान करने का उपदेश देते हैं क्योंकि अविगत, अविनाशी, पूर्ण परमेश्वर सभी घट में व्याप्त है\| वे कहते हैं कि वेद और पुराणों के अनुसार तत्व-ज्ञान के बिना मुक्ति नही मिलती है\| वे गोपियों को सगुण रूप का परित्याग करके निर्गुण ब्रम्ह की साधना करने का संदेश देते हैं\| किंतु गोपियों को निर्गुण नितांत अगम्य लगता है:<br>'निर्गुण कौन देस को बासी?<br>मधुकर हँसि समुझाव, सौँह दै, बूझति साँच न हाँसी\|<br>'गोपियाँ कभी 'लरिकाई कौ प्रेम कहो सखि कैसे छूटे' कहकर अपनी विवशता व्यक्त करती हैं और कभी 'एक हुतौं सो गयौ स्याम संग को आराधै ईस?' कह कर उद्धव के सम्मुख निराकार ब्रम्ह की साधना करने में अपनी असमर्थता व्यक्त करती हैं\| साथ ही वे ज्ञान-मार्ग का उपहास भी करती हैं, 'अंग भस्म करी सीस जटा धरि, सिखवत निरगुन फीकौ\|' उनकी मान्यता है कि नीरस निर्गुण ब्रम्ह का संदेश देकर गोपियों को दु:ख देने के कारण ही उद्धव स्वयं काले शरीर वाले हो गये हैं, 'ता सराप तैं भयौ स्याम तन\|' उद्धव की शिक्षा में उन्हें उनका मानसिक विकार दिखाई देता है\| अत: 'आपुन कौ उपचार करौ अति, तब औरनि सिख देहु\|' कहकर वे उन्हें निरुत्तर कर देती हैं\| गोपियों की सहृदयता, भावुकता, चतुरता और वाग्वैदग्ध्य के सामने उद्धव का ज्ञान लुप्त हो गया और वे योग का बेड़ा डुबाकर मधुपुरी के लिए प्रस्थान करते हैं\| 'सूर मधुप उठि चल्यो मधुपुरी बोरि जोग को बेरो\|' यही उद्धव को ब्रज भेजने के पीछे श्रीकृष्ण का उद्देश्य था\| | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2 | **प्रसाद निराला महादेवी पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ** | |
| 2(a) | छायावाद के प्रमुख कवि जयशंकर प्रसाद की 'सौन्दर्य' शीर्षक कविता छायावाद की विशेषताओं का एक अद्‌वितीय उदाहरण है। अंग्रेजी के स्वच्छंदतावादी कवियों के संबोधन गीत की परिपाटी में लिखा यह गीत सौन्दर्य जैसे अमूर्त भाव की शब्द-छवि अनुप्रास, उपमा एवं रूपक से समृद्ध भाषा में अंकित करके उसका अभिनन्दन करता है। साथ ही शब्द और लय का सफल संयोजन, कल्पना जन्य विस्मय एवं तन्मयता, सौन्दर्य के प्रति अत्यधिक आकर्षण, प्रगीतात्मकता – छायावाद की इन सभी विशेषताओं के कारण 'सौन्दर्य' का छायावादी कविताओं में विशिष्ट स्थान हैं। सौन्दर्य की विशेषता मौन रह कर लज्जा से आवृत रहने में है। सौन्दर्य स्वयं में ही परिपूर्ण है - अपनी मधु की सरिता सी बहने वाली हँसी का स्वयं ही पान करता है। कवि के मन मे सौन्दर्य के रहस्यमय आवरण के प्रति कौतूहल की भावना है। सौन्दर्य का मानवीकरण – 'हे लाज भरे सौन्दर्य बता दो मौन बने रहते हो क्यों?', अनुप्रासों की अनवरत लड़ियाँ – 'कनक किरण', 'यौवन के कन रस-कन', 'कलकल ध्वनि की गुंजारों में', उपमा – 'मधुसरिता-सी', रूपक – 'हँसी तरल' आदि अलंकारों का उल्लेख छायावाद की विशेषताओं के संदर्भ में अपेक्षित है। सौंदर्य, हँसी और लज्जावेष्टित भाव-तन्मयता का इतना सुंदर चित्रण अन्यत्र दुर्लभ है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | सुमित्रानन्दन पंत की 'ताज' और 'दो लड़के' शीर्षक कविताएँ छायावाद की अभिव्यंजना शैली में उनकी प्रगतिवादी विचारधारा को सफलता पूर्वक प्रस्तुत करती हैं\| पंत जी के अनुसार, "कवि केवल एक बाजीगर नही है – स्वतंत्र चेतना का वाहक द्रष्टा है\|" उनकी दोनों कविताएँ शाश्वत चेतना की खोज का उत्कृष्ट उदाहरण हैं\| वे युग, समाज, संसार और जीवन के कटु यथार्थ और विसंगतियों से विचलित होकर उसे कविता का रूप प्रदान करते हैं\| 'ताज' शीर्षक कविता में कवि ताज को एक अमर प्रेम और सौन्दर्य के प्रतीक के रूप में देखने की अपेक्षा यथार्थवादी दृष्टि से देखता है:<br>'मानव! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति?<br>आत्मा का अपमान, प्रेत औ' छाया से रति!!'<br>रोटी और कपड़े के अभाव से ग्रस्त व्यक्तियों का संताप कवि के मानवतावादी हृदय को विक्षुब्ध करता है जिसके सामने ताज का सौन्दर्य जो कि 'मृत्यु के पूजन' का प्रतीक है, उसे कुत्सित लगता है\|<br>'दो लड़के' शीर्षक कविता का केन्द्रीय भाव, "मानव को चाहिए यहाँ मनुजोचित साधन!' है\| कवि अपने आँगन में दो छोटे लड़कों को कूड़े के ढेर से 'सिगरेट के खाली डिब्बे, पन्नी चमकीली ' बटोर कर खुश होते देख करुणा से द्रवित हो जाता है\|<br>छायावादी कविता की बिम्ब योजना – भाषा का अलंकृत सौन्दर्य और यथार्थवादी मानवता की दृष्टि से समृद्ध ये दोनों कविताएँ हिन्दी साहित्य में विशिष्ट स्थान रखती हैं\| पंत जी के शब्दों में, "मानवता के स्वर्ग को मैने भौतिकता के हृदय-कमल में स्थापित किया है\|" यथार्थ विषय को कलात्मक बिम्बों से समृद्ध भाषा में अभिव्यक्त करके कवि ने एक साधारण विषय को असाधारण भाव-भंगिमा प्रदान की है\| | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3 | **मैथिलीशरण गुप्त - भारत-भारती** | |
| 3(a) | मैथिलीशरण गुप्त की प्रसिद्ध रचना 'भारत-भारती' ने हिंदी-भाषियों मे अपनी जाति और देश के प्रति गौरव की भावना जगाई\| वे भारतीय संस्कृति के प्रवक्ता हैं\| इसमें गुप्त जी ने भारत के स्वर्णिम अतीत का गुणगान , वर्तमान अवनति का चित्रण करते हुए भविष्य के उत्थान की प्रेरणा प्रदान की है\| उनकी इस कृति ने उन्हें राष्ट्रकवि की पदवी से सुशोभित कराया था\| प्रस्तुत पद्यांश 'अतीत खण्ड' से उद्धृत है\| गुप्त जी भारतवर्ष के स्वर्णिम अतीत की प्रशस्ति करते हैं\| भारतवर्ष ऋषियों की भूमि है जहाँ हिमालय के उत्तुंग शिखर हैं और पावन जलदायिनी गंगा प्रवाहित होती हैं\| भारतवर्ष का इतिहास संसार के सभी देशों के इतिहास से पुराना है\| गुप्त जी अपनी इस मान्यता की पुष्टि के लिए प्रसिद्ध इतिहासकार टाड को उद्धृत करते हैं जिनके अनुसार, "आर्यावर्त के अतिरिक्त और किसी भी देश में सृष्टि के आरम्भ का हिसाब नहीं पाया जाता\| इससे आदि सृष्टि यहीं हुई, इसमें संदेह नहीं\|"<br>कविता के भावार्थ के साथ 'भारत-भारती की मूल संवेदना पर टिप्पणी अपेक्षित है\| | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | 'भारत-भारती' के रचयिता श्री मैथिलीशरण गुप्त के राष्ट्र-प्रेम की भावना के कारण उन्हें राष्ट्र कवि की उपाधि दी गई। 'भारत-भारती' की प्रेरणा तत्कालीन हिन्दी साहित्य में एक बहुत बड़ी कमी को पूरा करने के लिए हुई थी। स्वयं गुप्त जी के शब्दों में, "हिन्दी में अभी तक इस ढंग की कोई कविता पुस्तक नही लिखी गई जिसमें हमारी प्रचीन उन्नति और अर्वाचीन अवनति का वर्णन भी हो और भविष्यत् के लिए प्रोत्साहन भी।" गुप्त जी ने इस अभाव की पूर्ति के उद्देश्य से प्रेरित हो इसकी रचना की, 'भगवान भारतवर्ष में गूंजे हमारी भारती' में उनकी राष्ट्रीयता की भावना अभिव्यक्त है। 'भारत-भारती' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रथम खण्ड 'अतीत खण्ड' है जिसमें गुप्त जी ने भारतवर्ष के स्वर्णिम अतीत का गुणगान किया है। द्वितीय खण्ड 'वर्तमान खण्ड' है जिसमे देश की वर्तमान अवनत दशा पर क्षोभ एवं संताप की अभिव्यक्ति है। अंत में 'भविष्यत् खण्ड' के अंतर्गत कवि भारतीय समाज को उद्बोधित कर उसे अपने स्वर्णिम अतीत का स्मरण कराके पुन: उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त होने की प्रेरणा देता है।<br>'वर्तमान खण्ड' में कवि ने वर्तमान भारतीय समाज के पतन का चित्रण करके अपनी दुराशा अभिव्यक्त की है: 'हम कौन थे क्या हो गये और क्या होंगे अभी' में लेखक की देश और समाज की अवनत दशा के प्रति चिंता परिलक्षित होती है। नशेबाजी, दम्भ, आलस्य, ईर्ष्या-द्वेष, मालिन्य, मदमोह आदि नकारात्मक प्रवृत्तियों से ग्रस्त सामाजिक स्थिति के प्रति कवि का आक्रोश एवं क्षोभ 'वर्त्तमान खण्ड' की मुख्य संवेदना है:<br>'आर्य्य-संतति आज कैसी अन्ध और अशक्त है,<br>पानी हुआ क्या अब हमारी नाड़ियों का रक्त है?<br>संसार में हमने किया बस एक ही यह काम है-<br>निज पूर्वजों का सब तरह हमने डुबोया नाम है!'<br>वर्तमान भारत के पतन का चित्रण करते समय भी वे राष्ट्रीयता की भावना से प्रेरित हैं। अंत में वे तामसिक विचारों में डूबे भारतवासियों को दिशा निर्देश करते हुए उन्हें उद्बोधित करते हैं, 'अब भी समय है जागने का देख' में उनकी भविष्य के प्रति आस्था एवं, 'क्या साम्प्रदायिक भेद से है ऐक्य मिट सकता अहो।' में एकराष्ट्र की परिकल्पना है। गुप्त जी ने वर्तमान खण्ड के अंतर्गत भौतिक भोग-विलास, नशेबाजी में निमग्न समाज का जो वर्णन किया है वह वर्तमान संदर्भ में कहाँ तक संगत है यह विचारणीय है। उत्तर में वर्तमान खण्ड के पाठ्यक्रम से उदाहरण:<br>'हिन्दू-समाज सभी गुणों से आज कैसा हीन है,<br>वह क्षीण और मलीन है, आलस्य में ही लीन है।' इत्यादि द्वारा उत्तर में परीक्षार्थी के व्यक्तिगत विचारों की पुष्टि अपेक्षित है। | 25 |


https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **भाग 2** | |
| 4 | **आधे-अधूरे - मोहन राकेश** | |
| 4(a) | मोहन राकेश का नाटक 'आधे-अधूरे' आज के जीवन के एक गहन अनुभव-खंड को मूर्त करता है\| नाटक की मुख्य पात्र सावित्री के चरित्र में आधुनिक मध्यवर्गीय नारी के जीवन की विडम्बना के दर्शन होते हैं\| नाटक में सावित्री की चार भूमिकाएँ हैं\| वह एक स्त्री, पत्नी, माँ और प्रेमिका है\| वह इन चारों भूमिकाओं में सामंजस्य नही बैठा पाती है\| फलत: वह किसी भी भूमिका का निर्वाह सफलता पूर्वक नही कर पाती है\| परिवार में आर्थिक समस्याओं एवं पारस्परिक सामंजस्य के अभाव से जूझती हुई सावित्री ना तो सफल पत्नी बन पाई , ना ही सफल प्रेमिका! एक सफल माँ तो वह है ही नही\| गृहस्थी के आर्थिक उत्तरदायित्व को अकेले सम्हालने के संघर्ष में उलझी हुई सावित्री स्त्रीत्व के नैसर्गिक गुणों – ममता, कोमलता, मधुरता आदि को कहीं खो बैठी है\| पति महेन्द्रनाथ की अकर्मण्यता से तिक्त होने के परिणाम स्वरूप उसके प्रति उसका व्यवहार तिरस्कार और कटुता भरा है जिसे वह छिपाने का प्रयत्न तक नही करती है\| फलस्वरूप पति-पत्नी के सम्बन्धों में गहरी दरार उत्पन्न करके एक ऐसी दमघोटू स्थिति का वातावरण बन जाता है जिससे पूरा परिवार पीड़ित है\| मोहन राकेश ने नाटक में इसका मनोवैज्ञानिक चित्रण अत्यंत सजीवता और तीव्रता के साथ किया है\| अपनी संतान के लिए सावित्री एक आदर्श माँ नही बन पाई, बड़ी बेटी मनोज रूपी हमदर्द को पाते ही घर से निकल भागी\| बेटा पत्रिकाओं से अभिनेत्रियों की तस्वीरें काटता हुआ इस मौके की तलाश में है, जब वह यहाँ से निकल सकेगा\| अपने भविष्य के लिए उसके पास ना कोई योग्यता है ना आकांक्षा\| छोटी लड़की माता, पिता, भाई, बहन – किसी के भी प्रति लगाव नही अनुभव करती है\| उसके मन में सबके प्रति एक कड़ुआहट और आक्रोश है और वह उम्र से पहले ही 'बड़ी' हो रही है\| सावित्री एक सफल प्रेमिका बनने में भी असमर्थ है\| सिंहानिया के आने पर वह अपने बेटे के लिए नौकरी की समस्या की ही चिंता करती है\| नाटक की मुख्य संवेदना आधुनिक समाज में घर और बाहर दोनों की जिम्मेदारियाँ सम्हालने को विवश स्त्री की दु:खद स्थिति का मार्मिक चित्रण है\| सावित्री में सबसे बड़ी कमी यह है कि वह स्वयं अधूरी स्त्री होकर भी पूरे पुरुष की तलाश में भटकती है\| उसके जीवन की त्रासद स्थिति को मोहन राकेश ने अत्यंत सक्षम शैली में प्रामाणिकता प्रदान की है\| नाटक में मोहन राकेश ने मानवीय संतोष के अधूरेपन को रेखांकित किया है\| जो लोग जीवन से बहुत कुछ अपेक्षा रखते हैं, उनकी तृप्ति अधूरी ही रहती है\| | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | प्राचीन आचार्यों ने नाटक को दृश्य काव्य माना है\| उसकी रचना मंच पर अभिनीत करने के लिए की जाती है और पात्रों के कथोपकथन द्वारा लेखक अपने उद्देश्य को सम्प्रेषित करता है\| यह आवश्यक है कि उसकी भाषा इतनी क्लिष्ट न हो कि दर्शक उसे समझ ही न सकें\| साहित्य की अन्य विधाएँ – कहानी, उपन्यास, कविता आदि के अर्थ ना समझ पाने पर पाठक उसको दुबारा पढ़ सकता है\| परंतु नाटक के दर्शक को यह सुविधा नही प्राप्त होती\| इसके अतिरिक्त यह आवश्यक है कि पात्रों के कथोपकथन की भाषा का उनके चरित्र के साथ सामंजस्य हो\|<br>'आधे-अधूरे' नाटक की एक महत्वपूर्ण विशेषता नाटक के संवादों की तीव्रता और पात्रानुकूलता है\| मोहन राकेश ने विवाह संस्था के भीतर ही भीतर होने वाले खोखलेपन और पारिवारिक संबंधों के विघटन की त्रासदी जैसे जटिल और संवेदनशील विषय को अत्यंत सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया है\| उनकी भाषा में वह सामर्थ्य है जो समकालीन जीवन के तनाव को पकड़ सके\| शब्दों का चयन, उनका क्रम, संयोजन – सब कुछ बहुत ही सम्पूर्णता से लेखक के अभिप्रेत को व्यक्त करता है\| राकेश ने हिन्दी के जीवंत मुहावरों को पकड़ने की सार्थक और प्रभावशाली चेष्टा की है\| उत्तर में संवादों के उदाहरण अपेक्षित हैं\| | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5 | **आधुनिक कहानी संग्रह - सरोजिनी शर्मा** | |
| 5(a) | राजेन्द्र यादव की कहानी 'कलाकार' सर्दी के मौसम में गाँव के चौपालों में रात के समय लकड़ी जलाकर उसके चारों तरफ बैठे श्रोताओं को कहानी सुनाकर नैतिक शिक्षा देने वाली परिपाटी में लिखी गई है\| यह एक घटना प्रधान कहानी है जिसमें लेखक ने किस्सागोई और उपदेशात्मक शैली में कहानी सुनाकर मानव मनोविज्ञान की एक परत को अनावृत किया है\|<br>'कलाकार' एक व्यक्ति के दोहरे व्यक्तित्व की कहानी है\| एक साधारण व्यक्ति साधु का वेश धारण करने पर त्यागी साधु के अनुरूप आचरण करता है, किंतु जब वही व्यक्ति साधु वेश का परित्याग कर अपने सहज रूप में आ जाता है तो उसका व्यवहार भी बदल जाता है\| साधु के रूप में त्याग और तपस्या के लिए प्रसिद्ध होकर नगर के प्रसिद्ध सेठ की बीमार पत्नी का उपचार, पत्नी का रोगमुक्त होना और सेठ का उससे प्रभावित होने की घटना को केन्द्र बना कर कहानी का कथानक बुना गया है\| साधु के उपचार एवं प्रवचन से प्रभावित होकर सेठ अपनी समस्त सम्पत्ति साधु को समर्पित करना चाहता है\| किंतु साधु, :'जिस धन को मैं तुझे त्यागने का उपदेश देता रहा हूँ, तू उसकी माया में मुझे क्यों फसाता है?" कह कर सम्पदा को अस्वीकार कर देता है\| दूसरे दिन वही व्यक्ति  साधु-वेश का परित्याग कर अपने असली रूप में सेठ से अपना इनाम माँगता है\| आश्चर्यचकित सेठ के पूछने पर कि उसने पहले ही सारी सम्पत्ति स्वीकार क्यों नही की, उसका उत्तर, 'रूप को सच्चा रखने के लिए यही उचित है कि मैं इस सम्पत्ति को त्याग दूँ\|' कहानी की मूल संवेदना भी है और एक नैतिक शिक्षा भी\|<br>एक सामान्य सी घटना के विवरण द्वारा लेखक ने यह चित्रित किया है कि मनुष्य का बाह्य व्यक्तित्व उसके सामाजिक व्यवहार को नियंत्रित करता है एवं उसके अनुकूल व्यवहार करना उसकी जिम्मेदारी होती है\| अत्यंत सरल एवं प्रवाहमयी भाषा में लिखी गई यह कहानी उपदेशात्मक नीति कथा का स्मरण कराती है\| | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | मन्नू भण्डारी की 'रानी माँ का चबूतरा' एक ऐसी मजदूर स्त्री की कहानी है जो वाणी की कटु, हृदय की कोमल और नीयत की ईमानदार है\| अपने शराबी पति और दो मासूम बच्चों की परवरिश के लिए अपने बच्चों को अकेले कोठरी में बंद छोड़कर मजदूरी करने जाती है\| उसी गाँव में अपने बच्चे के लिए व्रत करके प्राण त्याग करने वाली एक रानी माँ का चबूतरा है जिस पर आसपास की महिलाएँ दीपक जलाने जाती हैं\| गुलाबी पड़ोसियों की कटु आलोचना से बेखबर अपनी मजदूरी के काम में व्यस्त रहती है\| सरकारी 'शिशु केन्द्र' खुलने पर वह स्वयं भूखी रहकर कुछ पैसे जुटाती है ताकि उसे अपने बच्चों को बंद कोठरी में अकेले ना छोड़ना पड़े\| अंत में वह् परिश्रम, भूख और संघर्षों से जूझती हुई प्राण त्याग देती है\| सम्पूर्ण कहानी गुलाबी के अपने बच्चों के भविष्य के लिए दिये गये आत्म बलिदान का संवेदना पूर्ण चित्रण है\| वह एक आत्मसम्मानी स्त्री है, किसी की सहायता लेना उसे स्वीकार नही चाहे उसे अपनी जान ही क्यों न देनी पड़े\| मन्नू भण्डारी ने अत्यंत कुशलता से यह दर्शित किया है कि यातना और त्याग की मूर्ति गुलाबी का त्याग उस रानी माँ के त्याग से कहीं उच्च धरातल का है जिसके स्मारक पर महिलाएँ हर पूर्णिमा को दीपक जलाकर मनौतियाँ मांगती हैं\| मन्नू भण्डारी ने गुलाबी की यातना और व्यथा को संवेदनापूर्ण भाषा में सफलता पूर्वक चित्रित किया है\| | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6 | **मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ - सम्पादक : अभिमन्यु अनत** | |
| 6(a) | 'चाहे-अनचाहे' कहानी में जय जीऊत ने यथार्थवादी दृष्टि से मध्यवर्गीय परिवार के संदर्भ में एक नवविवाहित युवक के आंतरिक द्वंद्व का कुशलता पूर्वक चित्रण किया है\| एक नई बहू के आगमन से परिवार के परम्परागत आचरण और व्यवस्था में हलचल मच जाती है\| नई बहू के लिए संयुक्त परिवार के रहन सहन के साथ सामंजस्य करने में होने वाली कठिनाइयों को लेखक ने दैनिक जीवन की सामान्य घटनाओं द्वारा चित्रित किया है\| कहानी कथानायक की दृष्टि से लिखी गई है\| वह भाई-भाभी के परम्परागत विचारों और पत्नी के आधुनिक विचारों के संघर्ष में मन ही मन पत्नी से सहमत होते हुए भी परिवार में शांति बनाये रखने के लिए उसे ही समझौता करने को विवश करता है\| पत्नी साड़ी पहने या गाउन जैसी समस्या से पारिवारिक अशांति की आशंका और पत्नी को अतिशय छूट देने के आरोप से बचने के लिए वह उसे साड़ी पहनने को बाध्य करता है और फिर स्वयं आत्मग्लानि और शर्मिंदगी से पीड़ित होकर सोचता है, 'अपने परिवारों के बहकावे में आकर मैंने एक ऐसी बात का समर्थन या पोषण किया है जिसकी कोई सार्थकता, कोई आधार नही है\|' भाई-भाभी ने माँ के देहांत के बाद उसे किसी तरह की कमी नही अनुभव करने दी\| उनके प्रति कृतज्ञता की भावना के कारण उनकी परम्परावादी विचारधारा का पालन करने के लिए पत्नी के आत्मसम्मान की भावना को ठेस पहुचाने का अपराध बोध उसे हर समय मानसिक कष्ट देता है\| उसे प्रतिदिन आफिस से घर जाते समय किसी नई समस्या की संभावना आशंकित करती है\| आफिस से छुट्टी होने पर उसे घर जाने की कोई जल्दी नही लगती\| ऐसे में उसका वैवाहिक जीवन विषाक्त हो जाता है\| रसोई घर में भैया के दुर्व्यवहार की घटना के बाद उसकी सहन सीमा का अतिरेक और अलगोझे की स्थिति का समाधान लेखक ने सकारात्मक रूप से किया है\| कहानी के अंत में अपनी भूल स्वीकार करके भैया द्वारा क्षमा याचना करने पर मीनू का कथन, 'बर्तन साथ रहेंगे तो टकरायेंगे ही, पर इससे सम्बंध टूट तो नही जाता\|' द्वारा लेखक ने नायक के संघर्ष का समाधान किया है\| | **25** |

© UCLES 2017



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6(b) | मॉरिशस के प्रतिष्ठित हिन्दी कथाकारों में रामदेव धुरंधर का प्रमुख स्थान है\| उनकी 'विषमंथन' शीर्षक कहानी एक सामाजिक कुण्ठा को अत्यंत संवेदनशील रूप से चित्रित करती है\| मुख्य पात्र राजन के पिता अपराधी न होते हुए भी झूठे गवाहों की गवाही के फलस्वरूप आजन्म कैद की सजा भोग रहे हैं\| पच्चीस वर्ष जेल में बंद रहने के बाद वे जेल से छूट कर घर वापस आने वाले हैं\| इस बीच घर की स्थिति में आये परिवर्तन को लेखक ने अत्यंत कुशलता से वर्णित किया है\| पापा की किताबों में दीमक लग जाने के कारण जला दिया गया, घर के बगल में स्थापित हनुमान की मूर्ति जिसकी वे प्रतिदिन पूजा करते थे, घर के पिछवाड़े के पत्थरों की मेड़ पर रख दी गई, राजन के बेटे ने उस पर कंकड़ फेक कर उसे खण्डित कर दिया\| राजन ने अपने पिता के प्रतिद्वंद्वी की बेटी से विवाह कर लिया\| राजन की पत्नी के दवाब से शाकाहारी परिवार मांसाहारी बनने को विवश हुआ\| ऐसे में पिता के लौटने की सूचना उसके लिए हर्ष की जगह दुश्चिंता का कारण बन गई\| समस्या का हल खोजने के लिए चाचा के पास जाने पर उसे निराशा ही मिली\| उसकी मानसिक स्थिति का विश्लेषण लेखक ने निपुणता से किया है, "वह पच्चीस वर्ष पहले का राजन था और पच्चीस वर्ष बाद का भी\|" उसका द्वंद्व पारम्परिक एवं आधुनिक संस्कारों का द्वंद्व है\| आधुनिक विचारों वाली पत्नी को उसके प्रति कोई सहानुभूति अथवा उसके पिता के लौटने की सूचना से कोई खुशी नही है\| ऐसी स्थिति में वह अपने को नितांत अकेला पाता है\| यही दुविधाजनक मन:स्थिति माँ के व्यवहार में परिलिक्षित है\| बहू के दबाव में आकर अनिच्छा से मछली खाने को बाध्य माँ पति के लौटने की सूचना से पुन: शाकाहारी बन कर मानो पच्चीस वर्ष के अंतराल को पाटना चाहती है\| कहानी के अंत में पिछवाड़े की मेड़ से पत्थर लाकर घर के सामने एक चबूतरा तैयार कर माँ का हनुमान की भग्न मूर्ति की स्थापना करना और राजन का माँ की सहायता के लिए हाथ बटाना पारम्परिक मूल्यों की प्रतिष्ठा करने का प्रतीक होने के साथ ही राजन के अंतर्द्वंद्व का सकारात्मक समाधान भी है\|<br>कहानी में मॉरिशस की सामाजिक स्थिति का यथार्थवादी चित्रण, राजन की मानसिक ऊहापोह, मोना और माँ के संस्कारों का टकराव, चाचा की स्वार्थपरता आदि के विस्तृत विवरण के द्वारा अत्यंत प्रवाहमयी भाषा में सफलता से किया गया है\| 'विषमंथन' कथाशिल्प की परिपक्वता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है\| | 25 |



https://xtremepape.rs/